प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने कल हजारीबाग में छापेमारी की। छापेमारी कटकमदाग थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित राज गेस्टहाउस में देर शाम की गयी। यहां से सीबीआई ने एक व्यक्ति राज कुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी को राजू के पास से कुछ अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। सीबीआई की टीम राज कुमार से नीट पेपर लीक मामले में पूछताछ कर रही है। सीबीआई को जानकारी मिली है कि उस गेस्ट हाउस में कुछ स्टुडेंट्स को ठहराया गया था।

****

मुहर्रम को लेकर कल राजधानी रांची समेत राज्यभर में जुलूस निकाला जायेगा। रांची में इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। दो सौ से ज्यादा जगहों पर स्टैटिक फोर्स को तैनात किया गया है। यातायात एसपी ने सुबह 10 बजे से निजी और यात्री वाहनों का परिचालन जुलूस की समाप्ति तक बंद रखने का आदेश दिया है। जारी आदेश में रांची शहर के अन्य मार्गों पर मुहर्रम जुलूस के अवसर पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट करने की बात भी कही गयी है। इस बीच जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने लोगों से सदभाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

****

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज कोडरमा के लोचनपुर स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचने के बाद उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर पौधे भी लगाए और बच्चों को पौधारोपण का महत्व भी बताया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज समेत समाज कल्याण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। बच्चों से मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अंक और अक्षर ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे, जिसके बच्चों ने जवाब भी दिये।

****

भाजपा युवा मोर्चा ने पीजीटी परीक्षा में हुई गड़बड़ी की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। इस सिलसिले में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज रांची में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। बाद में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गड़बड़ियों से जुड़े दस्तावेज भी राज्यपाल को सौंपे गये हैं।

****

झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा आज दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे हैं। श्री सरमा खूंटी जिले के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मान सह विजय संकल्प सभा में भाग ले रहे हैं। मौके पर राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, विधायक कोचे मुंडा के अलावा पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद हैं।

****

लोहरदगा मे डालसा द्वारा साईबर क्राइम को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित पतलो गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी है। घटना के बाद हत्यारा मौके से फरार हो गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

****

राज्य में बारिश की वजह से तापमान में गिरावट तो हुई लेकिन मॉनसून की रफ्तार बेहद धीमी है। मौसम विभाग की मानें तो मॉनसून की रफ्तार अगले पांच दिनों तक धीमी ही रहेगी। इस दौरान कहीं भी भारी बारिश का अनुमान नहीं है। 21 जुलाई तक राज्य के अलग–अलग हिस्से में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। आज भी रांची समेत कई जिलों में रुक रुक कर हल्की बारिश हो रही है। इस दौरान कई जगहों पर वज्रपात की भी संभावना जतायी गयी है।